# कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा ,राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/सूअप्र/DoIT/आरटीआई पोर्टल/निर्देश/2021/ दिनांकः–

समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
जिला मुख्यालय।

**रजिस्टर्ड**

सूचना का अधिकार

विषय – आरटीआई पोर्टल पर आपके अधीनस्थ कार्यालयों के डाटा अपडेशन के क्रम में।
प्रसंग –इस कार्यालय के पूर्व पत्र दिनांक 15.07.2021 एवं 29.11.2021 के क्रम में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत, प्रासंगिक पत्र एवं सक्षम स्तर से प्राप्त अनुमोदन उपरान्त प्रत्येक जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को आरटीआई ऑनलाईन पोर्टल पर क्षेत्राधिकार के राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपील अधिकारी के डाटा अपडेशन का कार्य पोर्टल पर समयबद्ध रूप से निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। इस क्रम में समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को इस कार्यालय के पत्र दिनांक 15.07.2021 के द्वारा निर्देशित किया गया था कि आप अपने क्षेत्राधिकार के समस्त SPIO एवं FAO के डाटा पोर्टल पर अपडेट का कार्य करेंगे जिसमें आप किसी SPIO/FAO का स्थानान्तरण या अन्य स्थान पर पदस्थापन होने पर अविलम्ब आरटीआई पोर्टल पर नवीन SPIO/FAO का डाटा अपलोड करेंगे।
पत्र दिनांक 24.02.2021 एवं 04.07.2022 (संलग्न) के द्वारा प्रथम अपील अधिकारी व राज्य लोक सूचना अधिकारी मनोनीत किये है।

अत्यन्त खेद का विषय है कि आप द्वारा उक्त कार्यो के उचित प्रबोधन न हो पाने के कारण सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी विभाग, जयपुर के हेल्प डेस्क पर हजारों की तादाद में संशोधन हेतु ई–मेल रिक्वेस्ट भेज जा रहे है, जिसके कारण प्रत्येक ई–मेल का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है आपके स्तर पर कर्त्तव्य एवं दायित्व की पालना करते हुए आपके अधीनस्थ कार्यालयों के डाटा अपडेशन का कार्य करें तथा आपके कार्यालय के डाटा अपडेशन हेतु माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु piosecedu@gmail.com पर एक्सेल शीट में डाटा भिजवायें।
संलग्न–उपर्युक्तानुसार

**इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।**

राज्य लोक सूचना अधिकारी
एवं उपनिदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपिः–

1. समस्त संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र प्रेषित कर निवेदन है कि प्रभावी प्रबोधन करें एवं समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों की आर टी आई पोर्टल पर मैपिंग करवाने का श्रम करें।
2. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. कार्यालय प्रति।

राज्य लोक सूचना अधिकारी
एवं उपनिदेशक (प्रशासन)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

Signature valid

Digitally signed by Richhpal Singh
Designation : Deputy Director
Date: 2023.05.09 09:52:30 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 3797288

Rajasthan Education Department